तापमान

अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
# रायगढ़-जशपुर भूमि

बिलासपुर, सोमवार 27 अक्टूबर 2025



4 जिला खेल संघ ने प्रभारी मंत्री को भेंट किया प्रतीक चिन्ह






## खबर संक्षेप

### दूसरे चरण में 6 खदानों की होगी ई नीलामी

**रायगढ़।** रेत खदानों के आवंटन की पूरी प्रक्रिया अब ऑनलाइन माध्यम ई नीलामी प्रणाली से की जाएगी। इस नियम के अंतर्गत रायगढ़ जिले में दसूरे चरण में 6 रेत खदानों का आवंटन किया जाएगा। इसमें औराभाठा, दर्रामुड़ा, जोगड़ा, कारीछापर, रीलो और सहजपुरी शामिल है। इन रेत खदानों का आवंटन ई नीलामी से होगी। इलेक्ट्रानिक नीलामी रिवर्स ऑक्शन के लए तकनीकी एवं वित्तीय बोली, 7 दिन के भीतर एमएसटीसी पोर्टल के माध्यम से जमा कर सकते हैं। इलेक्ट्रानिक नीलामी में भाग लेने के लिए आवेदक का डिजिटल सिग्नेचर क्लास 3 साईनिंग एण्ड इनक्रिप्सन, बैंक में आवेदक के स्वयं के नाम से खाता, छत्तीसगढ़ का मूल निवास प्रमाण पत्र, पैन कार्ड, टिन नंबर, जीएसटीएन, आधार कार्ड एवं 2 शपथ पत्र आदि दस्तावेजों की जरुरी है।

### नदी में डूबने से हमीरपुर के युवक की मौत

**राउरकेला।** इस्पात नगर क्षेत्र के सेक्टर 19 थाना अंतर्गत हमीरपुर निजटस्थ कुम्भार बस्ती के निवासी सुनील सिंह 31 रविवार को कोयल नदी में नहाने के दौरान डूब गए। घटना की जानकारी मिलते ही अग्निशमन विभाग के अधिकारी एवं कर्मी घटनास्थल पर पहुंचे और पानी से मृतक का शव बरामद किया। घटना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेजा, साथ ही मामले की जांच शुरू कर दी। इस संबंध में रघुनाथपाली विधायक मृतक के घर पहुंचे और परिवार को सांत्वना दी। उन्होंने मृतक की आत्मा की शांति के लिए भगवान के समक्ष प्रार्थना की और मृतक के परिवार को सरकार की ओर से हर संभव मदद मिलने का भरोसा दिलाया।

### स्कूटर ठगी के आरोपी गिरफ्तार

**राउरकेला।** सेक्टर-3 पुलिस थाना में 12 अक्टूबर को दर्ज शिकायत के आधार पर पुलिस ने 23 वर्षीय अमान अधिकारी, पुत्र मनोज कुमार अधिकारी, निवासी कवि सम्राट पल्ली सेक्टर-5 राउरकेला को गिरफ्तार किया। शिकायतकर्ता रुषिकेश राजेश डांडले (21) एन आई टी राउरकेला के छात्र ने बताया कि उन्होंने 30 जुलाई 2023 को फ्यूचर मोटर्स से इलेक्ट्रिक स्कूटर खरीदा था। वाहन में समस्या आने पर उन्होंने बीते 20 सितंबर को अमान अधिकारी से मरम्मत के लिए संपर्क किया। आरोपी ने 21 सितंबर को 500 अग्रिम लेने के बाद स्कूटर ले लिया और 5 अक्टूबर को फिर से 500 की मांग की, लेकिन वाहन लौटाया नहीं। तब से आरोपी का मोबाइल बंद रखा।

### वर्मी कम्पोस्ट गौधन केंद्र का हुआ शुभारंभ

**राजगांगपुर।** स्थानीय वीर प्रताप गौशाला परिसर में 16.96 लाख रुपये की लागत से निर्मित वर्मी कम्पोस्ट गौधन केंद्र का उद्घाटन ओडिशा विधानसभा के उपाध्यक्ष डिप्टी स्पीकर भवानी शंकर भोई ने किया। शनिवार को आयोजित उद्घाटन समारोह में उन्होंने कहा कि गौधन केंद्र न केवल पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता को बढ़ावा देगा बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी सशक्त बनाएगा। यह केंद्र भारत सरकार की गोबर धन योजना के अंतर्गत स्थापित किया गया है, जिसका उद्देश्य ग्रामीण स्वच्छता, कचरे से संपत्ति निर्माण और किसानों की आय में वृद्धि करना है। वर्मी कम्पोस्ट गौधन केंद्र में गाय के गोबर और अन्य जैविक अपशिष्टों का उपयोग कर केंचुआ खाद वर्मी कम्पोस्ट तैयार की जाती है। यह प्राकृतिक जैविक उर्वरक पौधों की वृद्धि के लिए अत्यंत लाभदायक होता है और मिट्टी की उर्वरता को बनाए रखता है। केंद्र में एकत्रित गोबर और कृषि अपशिष्टों को विशेष संरचनाओं बेड्स में रखा जाता है जहाँ केंचुए उन्हें विघटित कर उच्च गुणवत्ता वाली वर्मी कम्पोस्ट में बदल देते हैं। तैयार खाद को पैक कर किसानों को उपलब्ध कराया जाएगा।

### नायब तहसीलदार, फूड इंस्पेक्टर, सहकारिता और मंडी निरीक्षक शामिल

# चेक पोस्ट में बाहरी प्रांत का धान रोकेंगे 28 अधिकारी, हर ब्लॉक में 4-4 की तैनाती

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

कोचियों और बिचलियों पर इस बार चार-चार अधिकारियों की पैनी निगाहें रहेगी। इसके लिए जिले के सात ब्लॉक में 28 अधिकारियों की तैनाती कर दी गई है। इसमें नायब तहसीलदार से लेकर फूड इंस्पेक्टर, सहकारिता और मंडी निरीक्षकों के अलावा अपेक्स बैंक के पर्यवेक्षकों को भी शामिल किया गया है। दूसरी ओर जिले में करीब 16 खरीदी केंद्रों को संवेदनशील माना गया है। यहां इन अधिकारियों की ज्यादा चौकसी रहेगी। हालांकि रायगढ़ जिले की बात करें तो यहां ओड़िशा से अवैध धान की बेधड़क आवक होती है। यह अभी नहीं बल्कि सालों से चल रहा है। ऐसे हालात में इस पर अंकुश लगाने की चुनौती अधिकारियों को ज्यादा रहेगी। 15 नवंबर से धान खरीदी चालू हो जाएगी। इसकी तैयारी समितियों में चल रही है। इस बार बीते सालों में धान खरीदी में जहां गड़बड़ी हुई है उन केंद्रों को भी संवेदनशील की श्रेणी में रखी गई है। बार्डर के सभी समितियों को संवेदनशील माना गया है। इन केंद्रों की निगरानी के लिए 28 अधिकारियों की तैनाती की गई है। अभी से इनकी ड्यूटी चालू हो गई है। बार्डर के चेक पोस्टों में इनके द्वारा जांच की जा रही है। दूसरी ओर धान खरीदी चालू होने से पहले ही करीब पांच सौ कट्टा धान ओड़िशा से आ चुकी है। हालांकि उसे अधिकारियों की टीम ने जब्त कर लिया है। ऐसे ही बाहर से आने वाली अवैध धान की निगरानी इन अधिकारियों को करना पड़ेगा।

**खास बात**
- कुछ टीम में हैं अपेक्स बैंक के पर्यवेक्षक भी
- कोचिया और बिचौलियों पर रहेगी निगरानी
- जिले में 15 संवेदनशील खरीदी केंद्र, यहां रहेगी ज्यादा चौकसी





**इन केंद्रों को माना गया है संवेदनशील**

पूर्व में जिन खरीदी केंद्रों में गड़बड़ी हुई थी उनको संवेदनशील माना गया है। इसके अलावा सीमावर्ती केंद्रों को संवेदनशील माना जाता है। इसमें भूपदेवपुर, बसनाझर, लैलूंगा, बीरसिंघा, बानीपाथर, दुर्गापुर, छपोरा, फरकानारा, तोलगे, कुडेकेला, हमीरपुर, बिंजकोट, लिबरा, केशला, उरबा और जामगांव शामिल है। यहां ज्यादा चौकसी की बात कही जा रही है। इसमें अधिकांश बार्डर के खरीदी केंद्र हैं।



# आरामिल का फर्जी संचालन वन विभाग ने किया सील

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

रेंगालपाली सर्किल में संचालित हो रहे फर्जी आरामिल का वन विभाग की टीम ने भंडाफोड़ किया है। टीम ने एक युवक के घर में छापेमार कार्रवाई कर मौके से विभिन्न प्रजातियों की लकड़ियां और चिराई मशीन को जप्त किया है। वही आगे की कार्रवाई जारी है।

दरअसल शनिवार की रात वन विभाग को सूचना मिली कि रेंगालपाली सर्किल के ग्राम बरपाली के डीपापारा में फर्जी आरामिल का संचालन किया जा रहा है। सूचना मिलते ही उड़नदस्ता समेत वन विभाग की टीम ने मौके पर दबिश दी। वहां पर अलग-अलग प्रजातियों की लकड़ियां चिराई के लिए रखी हुई मिलीं। टीम द्वारा आरामिल संचालक जगदीश बसंत से संबंधित दस्तावेज प्रस्तुत करने को कहा गया, लेकिन वह कोई कागजात नहीं दिखा सका और टालमटोल करने लगा। इससे स्पष्ट हुआ कि आरामिल फर्जी तरीके से संचालित किया जा रहा था। ऐसे में वन अमले ने लकड़ी चिराई की मशीन को उखाड़कर जब्त कर लिया है। वहीं मौके से विभिन्न प्रजातियों की लकडियां भी बरामद की गईं, जिनका मूल्यांकन किया जाएगा। फिलहाल आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर आगे की कार्रवाई जारी है।

- मौके से विभिन्न प्रजातियों की लकड़ियां और चिराई मशीन जब्त

# करंट से महिला की मौत, पुलिस ने किया तीन आरोपियों को गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

थाना पूंजीपथरा क्षेत्र के ग्राम जिवरी में एक महिला की करंट लगने से हुई मौत के मामले में पूंजीपथरा पुलिस ने तीन आरोपियों को गैर इरादतन हत्या के अपराध में गिरफ्तार किया है।

दरअसल प्रार्थी सुनउ मांझी पिता दयाराम मांझी (45), निवासी ग्राम जिवरी ने 23 अक्टूबर को थाना पूंजीपथरा में रिपोर्ट दर्ज कराया था कि उनकी पत्नी घसनीन मांझी 21 अक्टूबर की रात लगभग 8 बजे गांव के ही रामकुमार मांझी के साथ घर से निकली थी और रात में वापस नहीं लौटी। इस पर पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर जांच शुरू की थी। पतासाजी के दौरान 25 अक्टूबर को घसनीन मांझी का शव ग्राम जिवरी बकियानार में दिलीप अग्रवाल के खेत के पास बिजली के करंट से झुलसा हुआ पाया गया। मौके से पुलिस ने जीआई तार और बांस का डंडा जब्त किया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण बिजली करंट से दुर्घटनात्मक मृत्यु बताया गया। जांच में सामने आया कि गांव के किर्तन मांझी, बलीराम मांझी और राजेश राठिया ने जंगली सूअर का शिकार करने के लिए खेत के ऊपर से गुजर रहे 11,000 वोल्ट के हाई वोल्टेज तार में हुकिंग कर जीआई तार बिछाई थी। मृतिका उसी तार के संपर्क में आने से करंट लगने से मौत का शिकार हो गई। मामले में पुलिस ने मर्ग जांच में धारा 105, 3(5) बी.एन.एस. के तहत प्रकरण दर्ज कर आरोपियों को गिरफ्तार किया है।



**ये आरोपी चढ़े पुलिस के हत्थे**

पुलिस के हत्थे चढने वाले आरोपियों में किर्तन मांझी पिता स्व. घांसीराम मांझी (40), बलीराम मांझी पिता फागुलाल मांझी (45) व राजेश राठिया पिता गंगाराम राठिया (28) निवासी ग्राम जिवरी शामिल हैं। पुलिस ने तीनों को रिमांड पर भेज दिया है।

# होटल के कमरा नंबर 606 में गेल इंडिया के जीएम की संदिग्ध मौत, जांच में होगा खुलासा

**रायगढ़।** गैस पाइप लाइन का मुआयना करने पहुंचे गेल इंडिया लिमिटेड रायपुर के जनरल मैनेजर की रायगढ़ के होटल ट्रिनिटी में संदिग्ध परिस्थितियों में लाश मिलने से सनसनी फैल गई है।

- कोतवाली थाना क्षेत्र का मामला, जांच में जुटी पुलिस

रविवार की सुबह होटल ट्रिनिटी के रूम नंबर 606 से उन्हें जिंदल हॉस्पीटल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। गेल कंपनी के अधिकारी की मौत किन कारणों से हुई, इसका अभी पता नहीं चल सका है। फिलहाल उनके शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया गया है। गेल इंडिया लिमिटेड की पाइप लाइन छत्तीसगढ़ में नागपुर से झारसुगुड़ा तक बिछाई जा रही है। इसके लिए काम भी शुरू हो गया है। इसी कड़ी में रायपुर में पदस्थ गेल इंडिया लिमिटेड के जनरल मैनेजर तेजराम बड़ा 25 अक्टूबर को गैसिंग पाइप लाइन का निरीक्षण करने के लिए रायगढ़ आये हुए थे और कोतरा रोड स्थित होटल ट्रिनिटी ग्रांड के कमरा नंबर 606 में ठहरे हुए थे। गेल इंडिया के अधिकारी मूलतः बिलासपुर के मंगला रोड में अपनी पत्नी और बेटी के साथ रहते थे। रविवार 26 अक्टूबर की सुबह उनकी पत्नी ने कई बार उन्हें फोन लगाया मगर उन्होंने मोबाइल रिसीव नहीं किया। ऐसे में अधिकारी तेजराम की पत्नी ने होटल के स्टाफ से संपर्क किया और उन्हें जगाने के लिए कहा। इस पर जब होटल के स्टाफ ने मास्टर कार्ड से रूम नंबर 606 का दरवाजा तो अंदर का नजारा देखकर वे सन्न रह गये। अंदर गेल इंडिया के अधिकारी अचेतावस्था में अपने बिस्तर के नीचे जमीन पर पड़े हुए थे। ऐसे में तत्काल होटल प्रबंधन को इसकी जानकारी दी गई और फिर उन्हें एम्बुलेंस से जिंदल हॉस्पीटल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के दौरान ही डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस ने मर्ग कायम करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है।



# समितियों में आउटसोर्सिंग से कंम्प्यूटर ऑपरेटर भर्ती करने की थी तैयारी, हंगामा मचा तो बदला नियम

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

सालों से धान खरीदी केंद्रों में बतौर डाटा एंट्री ऑपरेटर काम कर रहे कंम्प्यूटर ऑपरेटरों ने खुब हंगामा मचाया है। वजह आउटसोर्सिंग से कंम्प्यूटर ऑपरेटर नियुक्त करने का फरमान जारी कर दिया गया था। इसके बाद भड़के ऑपरेटरों ने हंगामा मचाना चालू कर दिया। इसे देखते हुए कुछ समय के लिए इसे ठंडे बस्ते में डाल दिया है। अभी तक की स्थिति में पुराने कंम्प्यूटर ऑपरेटरों से ही काम लेने की जानकारी मिल रही है। जिले में 105 खरीदी केंद्र संचालित हैं। इसमें 105 कंम्प्यूटर ऑपरेटरों की नई भर्ती का फरमान जारी कर दिया गया था। हालांकि अब पुराने लोग ही काम करेंगे। खास बात यह कि आउटसोर्सिंग में कंम्प्यूटर ऑपरेटर सप्लाई करने वाली कंपनियों में एक कंपनी शराब दुकानों में कर्मचारी सप्लाई करने वाली भी है। इसे लेकर कई तरह कें सवाल भी उठने लगा था। हालांकि काफी समय से यह कंपनी छत्तीसगढ़ में काम कर रही है। अन्य दो कंपनियां बांबे की है जिनको काम मिला है। दरअसल खरीदी में गड़बड़ी को लेकर कंम्प्यूटर ऑपरेटरों पर ज्यादा सवाल उठता है। इसके कारण इस बार शासन की ओर से इनको बदलने का फरमान जारी कर दिया गया था। हालांकि अभी इसे फिलहाल ठंडे बस्ते में डाल दिया गया है, लेकिन कब तक यह किसी को पता नहीं है। याने वक्त का इंतजार किया जा रहा है।

- पुराने ऑपरेटरों ने किया विरोध, अब वही लोग करेंगे काम
- शराब दुकानों में कर्मचारी सप्लाई करने वाली कंपनी को मिला था काम

**जेम में निकला था टेंडर**

आउटसोर्सिंग से कंम्प्यूटर ऑपरेटरों की भर्ती का टेंडर शासन की ओर से जेम पोर्टल में निकाला गया था। इसमें चार ग्रुप में भर्ती की गई थी। रायगढ़ जिले में 105 खरीदी केंद्रों के लिए कंम्प्यूटर ऑपरेटरों की भर्ती की गई थी। हालांकि अभी उनकी पदस्थापना नहीं की गई है। इसके लिए कुछ आदेश विपणन विभाग में आ गया है, लेकिन यह भी स्पष्ट नहीं है। ऐसे में विभाग के अधिकारी भी असमंजस की स्थिति में हैं।

# पति की प्रताड़ना से तंग गर्भवती महिला ने लगाई थी फांसी, मर्ग जांच में हुआ खुलासा

**रायगढ़।** तमनार थाना क्षेत्र अंतर्गत पति की प्रताड़ना से तंग आकर एक गर्भवती महिला ने फांसी लगाकर मौत को गले लगा लिया था। मर्ग जांच में इस बात का खुलासा होने पर पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

दरअसल आमगांव में अपने पति के साथ किराए के मकान में रह रही 27 वर्षीय शीतल सारथी ने 9 अक्टूबर को घर के म्यार में साड़ी से फांसी लगाकर ख़ुदकुशी कर ली थी। जब इसकी जानकारी उसके पति बसंत सारथी को लगी तो उसने अपने पिता पुनीराम सारथी को इसकी सूचना दी। इसके बाद पुनीराम मौके पर पहुंचा और साड़ी को काटकर महिला को नीचे उतारकर खाट पर लेटाया, फिर घटना की सूचना तमनार थाना में दी गई। इसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और मामले में शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भिजवाया। वही मर्ग कायम कर मामले को विवेचना में लिया। पुलिस ने मृतका की मां, भाई और अन्य परिजनों से पूछताछ की तो पता चला कि करीब 4 साल पहले दोनों ने प्रेम विवाह किया था। वर्तमान में दोनों का 3 साल का बच्चा है, और शीतल 8 माह की गर्भवती थी। पुलिस के अनुसार, बसंत अक्सर छोटी-छोटी बातों पर शीतल से झगड़ा करता और उसे प्रताड़ित करता था। जिससे तंग आकर उसने फांसी लगा ली। ऐसे में पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफ धारा 108-बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।



- थाना क्षेत्र का मामला, आरोपी पति के खिलाफ अपराध दर्ज

### आज देंगे डूबते सूर्य को अर्घ्य, शनिवार को नहाय-खाय से शुरू हुआ पर्व

# व्रती महिलाओं ने किया खरना पूजा, गूंजे गीत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

रविवार को खरना छठ के दौरान अंचल में घर-घर छठी मईया के पारंपरिक गीत कांच ही बांस के बहंगिया बहंगी लचकत जाए जैसे गीतों से गूंजयमान रहा। महिला, पुरुषों द्वारा छठ घाट की सफाई के साथ रंग रोगन का काम किया जा रहा था।

दरअसल अंचल में छठ महापर्व शनिवार को नहाए-खाए से शुरू हो गया है। जिससे रविवार को केलो नदी के घाट पर व्रति महिलाओं ने खरना पूजा किया, इसके बाद घर जाकर खीर का प्रसाद तैयार कर चंद्रदर्शन के बाद ग्रहण किया। वहीं सोमवार शाम को डूबते सूर्य को पहला अर्घ्य दिया जाएगा। ज्ञात हो कि सूर्य की उपासना छठ महापर्व करने वाली व्रती महिलाओं ने रविवार को पूरे दिन निर्जला व्रत रख कर शाम को केलो नदी के घाट पर खरना पूजा कर सूर्यदेव की अराधना उत्साह के साथ शुरू कर दिया है। व्रत धारण करने वाली श्रद्धालु महिलाएं इस दिन मिट्टी से बाल धोकर पूरे दिन निर्जला व्रत रहीं। वहीं शाम को नदी व तालाबों में स्नान कर घाट पर खरना पूजा किया। इसके बाद गुड़-चावल का खीर एवं पूड़ी का प्रसाद तैयार कर रात में चंद्र दर्शन के बाद प्रसाद को ग्रहण किया। इस व्रत को रखने वाले लोग चार दिनों तक संयम-नियम का पालन करते हैं। भक्त बताते हैं कि छठ मईया के नियमों के विरूद्ध रहकर पूजा-अर्चना करने से मनोकामनाएं पूरी नहीं होती। इसलिए इस व्रत को पूरी श्रद्धा के साथ पवित्र नियमों का ख्याल रखते हुए करते हैं।



**पूजा समानों की हुई जमकर खरीदी**

सोमवार की शाम को डूबते हुए सूर्य को अघ्य दिया जाएगा। इसके लिए व्रतियों ने रविवार को पूरे दिन पूजा सामान व फल सहित अन्य सामानों की खरीददारी की। इस दौरान बाजार में गहमा-गहमी का माहौल रहा। इस बार बाजार में जमकर खरीददारी की गई।

# पानी टंकी से स्नान कर घर लौट रही वृद्धा के पैर को ट्रेलर ने कुचला

**रायगढ़।** जिले के तमनार ब्लॉक के ग्राम पंचायत खुरूषलेंगा रोड पर दोपहर लगभग 12 बजे एक हृदय विदारक सडक़ हादसा घटित हुआ, जिसने पूरे क्षेत्र को झकझोर कर रख दिया। तेज रफ्तार कोयला लोड ट्रेलर वाहन ने 75 वर्षीय वृद्धा श्रीमती निराशी गुप्ता, पति स्व. परशुराम गुप्ता निवासी खुरूषलेंगा को बेरहमी से अपनी चपेट में ले लिया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार वृद्धा रोज की तरह सडक़ किनारे स्थित पानी टंकी पर स्नान कर घर लौट रही थीं, तभी सामने से तेज रफ्तार में आ रहे टेलर ने उन्हें ठोकर मार दी। हादसा इतना भयानक था कि वाहन का पिछला चक्का वृद्धा के पैर पर चढ़ गया, जिससे उनका पैर पूरी तरह चकनाचूर हो गया। स्थानीय ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए तुरंत 112 डायल कर घायल महिला को रायगढ़ जिला चिकित्सालय भेजवाया और पुलिस को सूचना दी। तमनार पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। घटना के बाद खुरूषलेंगा के ग्रामीणों ने एक जूट हो कर रोड़ पर चक्का जाम कर दिया। ग्रामीणों ने बताया कि यह हादसा कोई पहला नहीं है। खुरूषलेंगा से गुजरने वाला यह मुख्य मार्ग कोयला वाहनों का प्रमुख कॉरिडोर बन चुका है। प्रतिदिन हजारों की संख्या में भारी वाहन यहां से गुजरते हैं। इनमें अधिकांश वाहन ओवरलोडेड होते हैं।



## छठ पूजा की तैयारियों में जुटे श्रद्धालु, घाटों पर उमड़ी भीड़

पत्थलगांव। लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा की तैयारियों ने पूरे नगर का माहौल भक्ति और उल्लास से भर दिया है। खरना के दिन दोपहर से ही बड़ी संख्या में छठव्रती महिलाएं और श्रद्धालु पूरन तालाब सहित प्रेमनगर छठ घाट पहुंचे, जहां उन्होंने विधिवत पूजन-पाठ कर घाट बांधने की प्रक्रिया शुरू की। छठव्रती महिलाओं ने पवित्र स्नान कर सूर्य देव की उपासना के इस महापर्व का शुभारंभ किया। पूजा-अर्चना के उपरांत महिलाएं घाट से घर लौटकर खरना की पारंपरिक विधि निभाएंगी। छठ पर्व का औपचारिक आरंभ शनिवार को नहाए-खाए से माना जाता है।श्रद्धालु घरों में शुद्धता और पवित्रता के साथ छठ प्रसाद की तैयारी में जुट गए हैं। पर्व के अंतर्गत सोमवार की संध्या को संध्या अर्घ्य तथा मंगलवार की प्रातःकालीन बेला में उषा अर्घ्य अर्पित किया जाएगा।

# रानीदाह में प्रकृति व सुंदर झरनों का आनंद ले रहे पर्यटक

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जिले की हरी-भरी पहाड़ियों और घने साल के जंगलों के बीच स्थित रानीदाह जलप्रपात जशपुर की प्राकृतिक सुंदरता का एक अद्भुत प्रतीक है। यह झरना जशपुर नगर से लगभग 15 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है और स्थानीय लोगों के साथ-साथ बाहरी पर्यटकों के लिए भी आकर्षण का केंद्र बना हुआ है।

ख़ूबसूरत सड़कों से होकर जब कोई इस स्थल तक पहुँचता है, तो सामने फैली हरियाली, चट्टानों से गिरता दूधिया जल और पक्षियों की आवाज़ें मिलकर एक अविस्मरणीय दृश्य प्रस्तुत करती हैं। बरसात के मौसम में रानीदाह अपने पूरे वैभव पर होती है, जब पानी कई धाराओं में बँटकर ऊँची चट्टानों से नीचे गिरता है। गर्मी के मौसम में जल प्रवाह भले थोड़ा कम हो जाए, लेकिन आसपास की प्राकृतिक शांति और वातावरण का सौंदर्य हमेशा समान रूप से मनमोहक रहता है।





रानीदाह जलप्रपात केवल प्राकृतिक दृष्टि से ही नहीं, बल्कि अपनी लोककथाओं और रहस्यमयी कहानियों के कारण भी प्रसिद्ध है। कहा जाता है कि बहुत समय पहले ओडिशा की एक राजकुमारी, रानी शिरोमणि जशपुर की इन पहाड़ियों में आ पहुँची थीं। जब उसके पिता और पाँच भाई उनका पीछा करते हुए यहाँ पहुँचे, तो रानी ने अपमान और जबरन विवाह से बचने के लिए इसी गहरी खाई में छलांग लगा दी और अपने प्राण त्याग दिए। उसी समय से यह झरना "रानीदाह" के नाम से जाना जाने लगा, जिसका अर्थ है "रानी का जलप्रपात।" कहा जाता है कि झरने के पास स्थित कुछ चट्टानें "पाँच भैया" के नाम से जानी जाती हैं, जो रानी के भाइयों के प्रतीक माने जाते हैं। यह कथा आज भी स्थानीय लोगों के बीच पीढ़ी दर पीढ़ी सुनाई जाती है और इस स्थल को एक रहस्यमयी और भावनात्मक पहचान देती है। पर्यटकों के लिए रानीदाह जलप्रपात एक शांत और मनोरम पिकनिक स्थल है।



सूर्योपासना के महापर्व छठ की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...





























# इमरान हाशमी इस दिन से शुरू करेंगे 'हक' की लड़ाई

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता इमरान हाशमी और यामी गौतम की आगामी फिल्म 'हक' के टीजर को साकारात्मक प्रतिक्रिया मिली थी। अब ये फिल्म सिनेमाघरों में धूम मचाने के लिए तैयार है। निर्माताओं ने लोगों की उत्सुकता को बढ़ाने के लिए फिल्म से इमरान और यामी का नया पोस्टर लुक जारी कर दिया है। सुपर्ण वर्मा के निर्देशन में बनी इस फिल्म की रिलीज तारीख और ट्रेलर पर अपडेट भी जारी कर दिया गया है। आइए जानें कि ये फिल्म कब रिलीज होगी। फिल्म 'हक' के पोस्टर में यामी का किरदार अपनी गरिमा और अधिकारों के लिए लड़ती एक महिला को दर्शाता है।

## लाइफ Style



# अनीत

## 'शक्ति शालिनी' में आएंगी नजर

'सैयारा' से रातों-रात मशहूर हुई अभिनेत्री अनीत पड्डा अपनी अगली फिल्म को लेकर चर्चा में बनी हुई हैं। उन्हें मैडॉक हॉरर कॉमेडी यूनिवर्स की अगली फिल्म 'शक्ति शालिनी' में देखा जाएगा।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

भले आधिकारिक तौर पर आगामी फिल्म से उनका पोस्टर जारी न हुआ हो, लेकिन फिल्म निर्माता अमर कौशिक ने खुद उनके नाम की पुष्टि कर दी है। उन्होंने यह भी बताया है कि 'शक्ति शालिनी' में अनीत की कास्टिंग कैसे फाइनल हुई। एक बातचीत में फिल्म निर्माता अमर से जब अनीत की कास्टिक के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, जब हम स्क्रिप्ट लिख रहे थे, तब हमें लगा कि हमें एक युवा कलाकार की जरूरत है। उसी दौरान, हमने उनकी फिल्म सैयारा देखी और महसूस किया कि वह उस किरदार के लिए बिल्कुल सही हैं। उन्होंने कहानी सुनी और फिल्म में शामिल हो गईं। उन्होंने बताया कि 'शक्ति शालिनी' की शूटिंग अगले साल जनवरी में शुरू होगी। अमर से जब पूछा गया कि 'शक्ति शालिनी' का निर्देशन वह करेंगे या आदित्य सरपोतदार, जिन्होंने 'मुंज्या' और 'थामा' का निर्देशन भी किया था ? इस पर उन्होंने कहा, हम अभी भी बातचीत कर रहे हैं और अभी तक फैसला नहीं किया है। मैडॉक फिल्म्स के बैनर तले बनने वाली इस फिल्म को अगले साल 24 दिसंबर, 2026 को रिलीज किया जाएगा। फिलहाल आयुष्मान खुराना और रश्मिका मंदाना की फिल्म 'थामा' सिनेमाघरों में लोगों का मनोरंजन कर रही है।

## हॉलीवुड मसाला



# किम के दिमाग में हुई गंभीर बीमारी

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिकी रियलिटी टीवी स्टार किम कार्दशियन दिमाग की एक गंभीर बीमारी से जूझ रही हैं। 'द कार्दशियन्स' के सीजन 7 के प्रीमियर के दौरान उन्होंने इसके बारे में खुलासा किया है। अभिनेत्री ने बताया कि वह मस्तिष्क धमनी विस्फार (अनरप्चर्ड ब्रेन एन्यूरिज्म) से जूझ रही हैं। यह एक ऐसी स्थिति होती है, जिसमें दिमाग में मौजूद रक्त वाहिकाओं का हिस्सा कमजोर हो जाता है और उसमें खून भर जाता है। किम ने कहा कि यह बीमारी उन्हें संभवतः उनके पूर्व पति कान्ये वेस्ट के साथ उनके रिश्ते के दौरान हुए तनाव से हुई है।



# लैटिन बिलबोर्ड म्यूजिक अवॉर्ड्स में रैपर बैड बनी का दबदबा

**लॉस एंजिल्स।** मियामी के मंच पर इस साल लैटिन संगीत का सबसे बड़ा उत्सव देखने को मिला। साल 2025 के लैटिन बिलबोर्ड म्यूजिक अवॉर्ड्स में जब विजेताओं की घोषणा हुई तो हर तरफ एक ही नाम सुनाई दे रहा था। वो नाम है- बैड बनी। जी हां, मशहूर रैपर बैड बनी ने एक ही रात में 11 अवॉर्ड्स जीतकर यह साबित कर दिया कि लैटिन म्यूजिक की दुनिया में वो बहुत आगे निकल चुके हैं। उनके अलावा किस-किस को अवॉर्ड मिला और किस श्रेणी में मिला, चलिए जानते हैं। दुनियाभर में 'टीटी मे प्रेगुंतो' जैसे गानों के लिए पहचान बना चुके रैपर बैड बनी ने इस दौरान आर्टिस्ट ऑफ द ईयर, सॉन्गराइटर ऑफ द ईयर और टॉप लैटिन एल्बम जैसे बड़े खिताब अपने नाम किए। उनका हालिया एल्बम देबी तिरार मास फोटोज दर्शकों के बीच रिकॉर्ड तोड़ लोकप्रियता हासिल कर चुका है और अब अवॉर्ड्स ने उसकी सफलता पर मुहर लगा दी है।



# करोड़ों की मालकिन, कभी किया पीआर का काम

**मुंबई।** परिणीति चोपड़ा 22 अक्टूबर को 37 साल की हो गई हैं। उनका जन्मदिन और खास हो गया है, क्योंकि 19 अक्टूबर को अभिनेत्री ने अपने पहले बच्चे का स्वागत किया है। मां बनने के बाद परिणीति ने पहली बार इस खास दिन को अपने राजनेता पति राघव चड्ढा के साथ मनाया है। एक वक्त था जब अभिनेत्री पब्लिक रिलेशन्स (पीआर) का काम करती थीं, लेकिन अब वो सिनेमा की सफल अभिनेत्रियों में शामिल हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक, परिणीति की कुल संपत्ति कथित तौर पर 74 करोड़ रुपये आंकी गई है। उनके पास मुंबई के बांद्रा में एक आलीशान घर है, जिसकी कीमत 22 करोड़ रुपये है। उनके गैराज में 1.30 करोड़ की रेंज रोवर वोग, 69.27 लाख की ऑडी क्यू7 और 43.19 लाख की ऑडी क्यू4 मौजूद है।




# 'मस्ती-4' का दूसरा पोस्टर रिलीज

**मुंबई।** कल्ट कॉमेडी फ्रेंचाइज़ 'मस्ती' चार गुना अधिक मस्ती, पागलपन और हंसी के साथ एक बार फिर धमाकेदार वापसी के लिए तैयार है। इसी कड़ी में वेवबैंड प्रोडक्शन ने मिलाप मिलन ज़वेरी द्वारा लिखित और निर्देशित 'मस्ती 4' का दूसरा पोस्टर जारी कर दिया है, जिससे बॉलीवुड की सबसे पसंदीदा कॉमेडी फ्रेंचाइज़ के लिए दर्शकों में उत्साह भी चार गुना बढ़ गया है। यह फिल्म 21 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है। वेवबैंड प्रोडक्शन और ज़ी स्टूडियोज़ द्वारा प्रस्तुत, मारुति इंटरनेशनल और बालाजी टेलीफिल्म्स के सहयोग से बनी 'मस्ती 4' के निर्माता हैं ए. झुनझुनवाला और शिखा करण अहलूवालिया (वेवबैंड प्रोडक्शन), इंद्र कुमार और अशोक ठाकेरिया, शोभा कपूर और एकता कपूर (बालाजी मोशन पिक्चर्स), और उमेश बंसल हैं।

## टीवी मसाला



# 'मैं हूं ना' के प्रोफेसर से लेकर इंद्रवदन साराभाई तक

### रुला गया सबको हंसा-हंसाकर लोटपोट कर देने वाला एक किरदार

मुंबई। एक्टर सतीश शाह का 74 साल की उम्र में निधन हो गया है। साराभाई वर्से सारा भाई शो घर-घर में राज करने वाले सतीश शाह ने शनिवार को इस दुनिया को हमेशा के लिए अलविदा कह दिया। आइए उनके कुछ आइकॉनिक रोल पर एक नजर डालते हैं। सतीश, भारतीय सिनेमा और टेलीविजन के उन चुनिंदा कलाकारों में से एक थे, जिन्होंने अपनी कॉमिक टाइमिंग और बहुमुखी अभिनय से दर्शकों के दिलों में एक खास जगह बनाई। उन्होंने चार दशकों से अधिक के अपने करियर में 250 से अधिक फिल्मों और कई हिट टीवी शोज में काम किया। यहां उनकी फिल्मों और टीवी शोज के कुछ सर्वश्रेष्ठ और यादगार किरदारों का जिक्र है।

***इंद्रवदन साराभाई*** : सतीश शाह में इंद्रवदन साराभाई के किरदार में थे, जिनका यह किरदार उनके करियर का सबसे आइकॉनिक और लोकप्रिय रोल माना जाता है। इंद्रवदन एक मजेदार, व्यंग्यात्मक और शरारती गुजराती पति और पिता हैं, जो अपनी बहू मोनिशा को लगातार ताना मारते हैं। रत्न पाठक शाह (माया साराभाई) के साथ उनकी ऑन-स्क्रीन केमिस्ट्री ने इस सिटकॉम को कल्ट क्लासिक बना दिया।

***कमिश्नर डी मेलो का किरदार*** : सन 1983 की इस व्यंग्य कॉमेडी फिल्म में सतीश शाह ने भ्रष्ट म्यूनिसिपल कमिश्नर डी'मेलो का किरदार निभाया था। उनका यह रोल हिंदी सिनेमा के सबसे बेहतरीन कॉमिक किरदारों में से एक माना जाता है। खासकर, क्लाइमैक्स में महाभारत के दृश्य में उनका अभिनय आज भी याद किया जाता है।

***दिल वाले दुल्हनियां ले जाएंगे में अजित सिंह का किरदार*** : दुल्हनियां ले जाएंगे इस कल्ट रोमांटिक फिल्म में सतीश शाह ने अजीत सिंह का किरदार निभाया था, जो शाहरुख खान (राज) के पिता का दोस्त होता है। अजीत का राज को यूरोप में गलत काम करने के लिए उकसाना और फिर अपनी बेटी को उसकी हरकतों से बचाना—फिल्म में एक हल्के-फुल्के हास्य का तड़का लगाता है।

### मैं हूं ना में प्रो. देसाई का रोल यादगार

फिल्म 'मैं हूं ना' में उन्होंने साइंस टीचर प्रोफेसर देसाई का रोल किया था, जो क्लास में बच्चों को थूक से चिपकाने की हरकतें करते थे। उनका मजाकिया अंदाज़ और अजीबोगरीब व्यवहार, विशेष रूप से शाहरुख खान के किरदार के साथ उनके सीन, दर्शकों को बहुत हंसाते हैं।

### कल हो न हो में बने करसन भाई पटेल

इस भावुक फिल्म में सतीश शाह ने करसन भाई पटेल का किरदार निभाया था. यह रोल न्यूयॉर्क में रहने वाले एक सनकी गुजराती अंकल का था, जो अपने सख्त नियमों और मजेदार संवादों के कारण यादगार बन गया। उनका किरदार फिल्म में कॉमेडी का अहम हिस्सा था।

# कुमार सानू का रोमांटिक गाना 'हाय मेरा दिल' रिलीज

**मुंबई।** भारतीय संगीत जगत के प्रसिद्ध गायकों में से एक कुमार सानू का नया रोमांटिक गाना "हाय मेरा दिल" रिलीज होते ही तेजी से वायरल हो रहा है। इस गाने में नब्बे के दशक के संगीत और वर्तमान रूहानी धुन का बेहतरीन



सम्मिश्रण किया गया है, जिससे हर उम्र के श्रोता इसे पसंद कर रहे हैं। गाने के निर्माता संजय बेडीया गिरगांवकर ने इसे संजीव चतुर्वेदी के साथ मिलकर तैयार किया है और यह बेडीया फिल्म म्यूजिक के बैनर तले रिलीज हुआ है।

***कुमार सानू के साथ इनकी आवाज*** : इस रोमांटिक गाने में कुमार सानू की आवाज ने जादू बिखेर दिया है। उनकी मधुर और भावपूर्ण गायिकी ने गाने को खास पहचान दी है। साथ ही महिमा गुप्ता और विश्वास सराफ की आवाज़ ने गाने में नयापन और ऊर्जा का संचार किया है। संगीत संयोजन और संगीत प्रबंधन का काम सारिका चतुर्वेदी ने कुशलतापूर्वक किया है, जिसने गाने को पूरी तरह जीवंत बना दिया है।

***वीडियो का जिम्मा मुनीश कल्याण ने संभाला*** : गाने के वीडियो निर्देशन का जिम्मा मुनीश कल्याण ने संभाला है। उन्होंने रोमांटिक सीन और भावनात्मक भावों को कैमरे में खूबसूरती से कैद किया है। इसके अलावा, कोरियोग्राफर अनुप राय ने गाने में डांस और मूवमेंट को अत्यंत आकर्षक बनाया है। "हाय मेरा दिल" का संगीत और वीडियो दोनों ही सोशल मीडिया और डिजिटल प्लेटफॉर्म पर वायरल हो रहे हैं। यह आगामी हिट गानों में अपना नाम दर्ज कर चुका है।

# 'मुन्ना भाई 3' का इंतजार होने वाला है खत्म

**मुंबई।** संजय दत्त और अरशद वारसी के करियर की बेहतरीन फिल्मों का जिक्र होता है तो 'मुन्ना भाई एमबीबीएस' का नाम शामिल जरूर होता है। इस फिल्म ने जहां संजू बाबा बो मुन्ना भाई नाम से मशहूर कर दिया, वहीं अरशद का नाम सर्किट पड़ गया। पिछले काफी समय से दर्शक 'मुन्ना भाई' सीरीज की तीसरी किस्त यानी 'मुन्ना भाई 3' का इंतजार कर रहे हैं। अब अरशद ने इस पर बात कर कुछ खुलासे किए हैं।

***अरशद ने बांधे संजय की तारीफों के पुल*** : अरशद ने संजय दत्त संग काम करने का अनुभव साझा करते हुए कहा, संजू कमाल के एक्टर हैं। उनमें एक अलग ही किस्म का टैलेंट हैं। उनके साथ रहना अपने आप में बहुत मजेदार था।



मुझे खुद स्क्रिप्ट याद रखने में बड़ी दिक्कत होती है, लेकिन संजू की वजह से मुझे पूरी फिल्म की कहानी याद रखनी पड़ती थी, क्योंकि हर दिन वो सेट पर आकर पूछते थे, भाई, आज हम कौन-सा सीन कर रहे हैं?

***'मुन्ना भाई 3' पर काम कर रहे हिरानी*** : *अरशद बोले, मैं संजू को बताता था कि कल हमने ये सीन किए, आज ये सीन करने हैं। वो कहते थे क्या यार, लेकिन ये अनुभव बड़ा शानदार था और पर्दे पर जो हुआ, वो जादू जैसा था। अरशद से हर बार की तरह 'मुन्ना भाई 3' पर सवाल पूछा गया तो उन्होंने कहा, पहले ये नहीं बन रहा था, लेकिन अब राजकुमार हिरानी तीसरे भाग पर काम कर रहे हैं। वो सचमुच इस पर बहुत मेहनत कर रहे हैं।*

***हिरानी भी लगा चुके तीसरी किस्त पर मोहर*** : *अरशद बोले, मुझे लग रहा है कि अब तो ये फिल्म बननी चाहिए। पिछले साल हिरानी ने भी कहा था कि उनके पास एक खास आइडिया है और वो तीसरे भाग पर सक्रिय रूप से काम कर रहे हैं। उधर साल 2023 में अरशद ने ये कहते हुए प्रशंसकों का दिल तोड़ दिया था कि 'मुन्ना भाई 3' अब शायद कभी ना बने, क्योंकि हिरानी तब ही फिल्म शुरू करेंगे, जब उन्हें स्क्रिप्ट (कहानी) पर 200 प्रतिशत यकीन होगा। इसका दूसरा भाग 'लगे रहो मुन्ना भाई' साल 2006 में रिलीज हुआ था।*

### उनकी आवाज के जादू ने बिहार के सैकड़ों कलाकारों को किया प्रेरित

# नहीं रहीं भोजपुरी की 'बिजली रानी', दोनों किडनी हो गईं थीं फेल

*__मुंबई।__ एक मशहूर नाम बिजली रानी। भोजपुरी का वो सितारा जिसके मंच पर आने मात्र से पूरा मैदान थिरकने लगता था। उनके साटे (शो) में तिल रखने की जगह नहीं होती थी। आवाज में खनक और नृत्य में लचक की मालकिन'बिजली रानी' अब इस दुनिया में नहीं रहीं। वह शुक्रवार 24 अक्टूबर को 70 साल की उम्र में देवलोक के लिए रवाना हो गईं। उनका देहांत रोहतास जिले के नटवर गांव में उनके पैतृक आवास पर हुआ। बिजली रानी काफी लंबे समय से बीमार चल रही थीं। उनकी दोनों किडनी फेल हो चुकी थी। बिजली रानी की मौत की खबर सामने आते ही भोजपुरी इंडस्ट्री में शोक की लहर दौड़ गई है।*



### कौन थीं बिजली रानी?

बिजली रानी का जन्म रोहतास जिले के नटवर गांव में हुआ था। 80 और 90 के दशक में वो भोजपुरी रंगमंच की पहचान बन चुकी थीं। भोजपुर और शाहाबाद क्षेत्र में उनके डांस और गायिकी के कद्रदानों की लंबी फौज थी। बिजली रानी को थियेटर की शान कहा जाता था। उस दौर में कोई शादी-ब्याह, मेले या स्टेज शो को तब तक पूरा नहीं माना जाता था, जब तक कि वहां बिजली रानी का ठुमका ना पड़ जाए।

### सिर्फ बड़े घराने ही करा पाते थे बुकिंग

उनके साटे यानी शो के रेट इतने ऊंचे थे कि सिर्फ बड़े घराने के लोग ही बुक कर पाते थे। बिजली रानी जहां भी जाती थीं स्टेज पर बिजली गिरा देती थीं। कई भोजपुरी फिल्मों और एलबम में काम किया। उनकी आवाज और उनकी हर अदा पर दर्शक झूम उठते थे। उनकी आवाज के जादू ने बिहार के सैकड़ों कलाकारों को प्रेरित किया।

### दोनों किडनी हो गई थी फेल

बिजली रानी की दोनों किडनी फेल हो गई थी। परिवार के लोग अस्पताल के चक्कर लगा-लगाकर परेशान हो उठे। बीमारी की वजह से घर की आर्थिक स्थिति भी डंवाडोल हो गई। जब कहीं से मदद नहीं मिली तो बिजली रानी की बेटी ने स्थानीय मीडिया से मदद की गुहार लगाई।

### पवन सिंह ने की मदद

जब ये खबर भोजपुरी के पावर स्टार कहे जाने वाले पवन सिंह ने सुनी तो उन्होंने आगे आकर बिजली रानी की मदद की। पवन सिंह ने बिजली रानी का लखनऊ में दो महीने तक इलाज कराया। पवन सिंह बिजली रानी को चाची कहते थे। पवन सिंह के साथ बिजली रानी की तस्वीर भी सामने आ थी जिसमें वे उनके साथ बैठे दिखाई दिये।

## खबर संक्षेप

### रीवापारा में आज होगी स्टाईल डांस स्पर्धा

**कोसीर।** ग्राम रीवापार में आज रात बूगी बूगी डांस प्रतियोगिता का आयोजन होगा। यह स्पर्धा ग्रामवासियों के लिए विशेष कार्यक्रम माना जाता है जिसे लेकर गांव में भारी उत्साह दिखाई देते है और तैयारी करते हैं। आसपास दूरदराज से लोग इसका आनंद लेने के लिए पहुंचते हैं। इस कार्यक्रम का मुख्य अतिथि सारंगढ़ विधायक उतरी गनपत जांगडे, जिला पंचायत सदस्य संतोषी अरविंद खटकर हों। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में जनपद सदस्य हेमा विश्वनाथ, वसंत नन्द राम लहरे, नोनी बाई, सिया राम, अंनत पुनिक, अंनत रंजीत रात्रे होंगे। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्ष ता ग्राम सरपंच अनिता श्याम सुंदर निराला करेंगे कार्यक्रम को लेकर भोजन की विशेष व्यवस्था की गई है।

### बिना सूचना कि जनसुनवाई का ग्रामीणों ने किया विरोध

**राउरकेला।** चूँगीमाटी पंचायत कार्यालय में शनिवार को अग्रसेन स्पंज प्राइवेट लिमिटेड के विस्तार प्रस्ताव पर राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड व जिला प्रशासन की ओर से जनसुनवाई आयोजित की गई। लेकिन यह जनसुनवाई विवादों में घिर गई, क्योंकि लाठी कटा ब्लॉक के पांच पंचायतों कलुंगा क कलुंगा ख चिकटमाटी, बलंडा, लुंगाई और सागजोर के ग्रामीणों ने विरोध दर्ज कराया। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ राजकुमार यादव ने कहा कि कुछ अधिकारी जनसुनवाई को पैकेज के आधार पर निर्धारित कर रहे हैं, जिसमें जनमानस की भावनाओं के विरुद्ध कार्रवाई के तहत निर्णय ली जाती है। इस तरह की जनसुनवाई बंद हो एवं उस ऑफिसर के नेतृत्व में किए गए सारे जनसुनवाई की पूर्ननिरीक्षण के साथ ही संपत्ति की भी जांच हो।

### मोबाइल चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**अकलतरा।** नेशनल हाईवे 49 में ओवर ब्रिज के पास मोबाइल झपटमारी करने के आरोपी को अकलतरा पुलिस के द्वारा गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त हुई है। घटना के संबंध में यह जानकारी मिली कि प्रार्थी रसीद खान निवासी पाटनवार कॉलोनी कमला ज्ञान विद्यालय तिफरा के पीछे यदुनंदन बिलासपुर 29 सितंबर को अपने पीकप मे अपने ड्रायवर के साथ रात्रि 02:30 बजे जांजगीर से बिलासपुर के लिए निकला था। अकलतरा ओवर ब्रिज नेशनल हाईवे एनएच 49 पार करने के बाद पीकप में डीजल खत्म होने से ड्रायवर को छोडकर डीजल लेने पेट्रोल पंप गया था। वहां से 05 लीटर डीजल लेकर वापस पैदल आ रहा था। सुबह 04.00 बजे अर्जुनी चौक से करीबन 500 मीटर आगे पहुचा था तभी तीन अज्ञात व्यक्ति मोटरसाइकिल में आये और प्रार्थी से मारपीट कर मोबाईल को झपट कर भाग गये जिसकी सूचना रिपोर्ट पर थाना अकलतरा मे धारा 115(2),304(2),3(5) बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया। पुलिस द्वारा सायबर तकनीकी के माध्यम से आरोपी को पकड़ा जिसको हिरासत मे लेकर लेकर पूछताछ करने पर दिनांक घटना को प्रार्थी से मारपीट कर उसके मोबाईल को झपटमारी कर भाग जाना जुर्म स्वीकार किए जाने से आरोपी नितेश यादव को गिरफ्तार कर 25 अक्टूबर को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया एवं विधि से संघर्षरत बालक को किशोर न्यायालय में पेश किया गया।

### राशनकार्ड घर बैठे कर सकते हैं ई-केवाईसी

**जांजगीर-चांपा।** शासन द्वारा राशनकार्ड धारकों की सुविधा के लिए अब ई-केवाईसी की प्रक्रिया को पूरी तरह ऑनलाइन कर दिया गया है। अब हितग्राहियों को ई-केवाईसी के लिए राशन दुकान जाने की आवश्यकता नहीं है। जिला खाद्य अधिकारी ने बताया कि इसके लिए राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र द्वारा विकसित मोबाइल एप मेरा ई-केवायसी राशन कार्ड को गूगल प्ले स्टोर से डाउनलोड करना होगा। एप के माध्यम से सभी राशनकार्डधारी हितग्राही आधार फेस रिकग्निशन के जरिए अपनी ई-केवाईसी पूर्ण कर सकते हैं। एप इंस्टॉल करने के बाद राज्य का चयन करें, मोबाइल का लोकेशन ऑन करें। आधार नंबर दर्ज करें। आधार से लिंक मोबाइल नंबर पर प्राप्त ओटीपी दर्ज करें। कैप्चा भरने के बाद कार्ड विवरण स्क्रीन पर दिखाई देगा। चेहरा मैच होते ही ई-केवाईसी की प्रक्रिया पूर्ण हो जाएगी।

### स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान के तहत हुआ कार्यक्रम

# स्वास्थ्य शिविर का आयोजन की जा रही महिलाओं की जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान के अंतर्गत जिलेभर में स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम जिले के समस्त सामुदायिक एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत प्रत्येक माह के 9 और 24 तारीख को आयोजित किया जा रहा है। अभियान का मुख्य उद्देश्य महिलाओं के स्वास्थ्य, पोषण और सुरक्षित मातृत्व के प्रति जागरूकता बढ़ाना है, ताकि जिले में मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाई जा सके और हर घर में स्वस्थ एवं सशक्त परिवार का निर्माण हो। शिविरों में बड़ी संख्या में गर्भवती महिलाओं ने भाग लिया। उन्हें पौष्टिक नाश्ता प्रदान कर आवश्यक स्वास्थ्य जांच जैसे हिमोग्लोबिन, ब्लड प्रेशर, शुगर, सिकल सेल, मलेरिया, एचआईवी, वजन और ऊँचाई की जांच की गई। महिला चिकित्सकों द्वारा आयरन एवं कैल्शियम टैबलेट सेवन, स्वच्छता और सुरक्षित मातृत्व के विषय में विस्तृत परामर्श एवं काउंसलिंग दी गई। शिविर के दौरान चिन्हित उच्च जोखिम गर्भवती महिलाओं का निजी एवं शासकीय सोनोग्राफी केंद्रों में निःशुल्क अल्ट्रासाउंड जांच कराया गया। साथ ही गर्भवती माताओं को लेबर रूम एवं ऑपरेशन थिएटर का भ्रमण कराया गया, ताकि प्रसव से पूर्व होने वाले तनाव को कम किया जा सके और वे सुरक्षित प्रसव हेतु मानसिक रूप से तैयार हो सकें।

### रेत के अवैध कारोबार, ट्रैक्टर समेत 16 गाड़ियां जब्त

**जांजगीर-चांपा।** जिले में रेत के अवैध उत्खनन और परिवहन पर शिकंजा कसते हुए खनिज विभाग की उड़नदस्ता टीम ने शनिवार को बड़ी कार्रवाई की। इस दौरान जेसीबी व ट्रैक्टर सहित 16 वाहनों को जब्त किया गया। दीपावली त्यौहार के बाद रेत के अवैध कारोबारियों पर जिले में कार्रवाई की शुरूआत की गई। जिला खनिज अधिकारी अनिल कुमार साहू के मार्गदर्शन में खनिज निरीक्षक आर.एल. राजपूत के नेतृत्व में बम्हनीडीह, खपरीडीह, केराकछार-पंतोरा और शिवरी नारायण क्षेत्र में औचक जांच की गई।जांच के दौरान अवैध रूप से रेत का परिवहन करते कुल 12 ट्रैक्टर पकड़े गए। जिनमें से 6 ट्रैक्टर बम्हनीडीह व खपरीडीह क्षेत्र से और 6 ट्रैक्टर केराकछार-पंतोरा क्षेत्र से जब्त किए गए हैं। इनमें से छह वाहनों को कलेक्टर परिसर में तथा शेष छह को पंतोरा थाना परिसर में सुरक्षा हेतु रखा गया है। वहीं शिवरीनारायण क्षेत्र में पुलिस की सहायता से खनिज विभाग ने अवैध रेत उत्खनन और परिवहन में लिप्त 4 वाहनों 1 जेसीबी और 3 ट्रैक्टर को भी जब्त किया है।



## जिला खेल संघ ने प्रभारी मंत्री को भेंट किया प्रतीक चिन्ह

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोसीर

सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले में पधारे जिले के प्रभारी मंत्री टंकराम वर्मा का आगमन हुआ। जो तेजस कोचिंग सेंटर गढ़चौक के उद्घाटन समारोह के पश्चात कार्यक्रम स्थल में जिला खेल संघ और वरिष्ठ खिलाड़ियों ने खेल भाटा स्टेडियम को व्यवस्थित और सुरक्षित करने की दिशा पर जिला कलेक्टर को दिए निर्देश। कलेक्टर एवं जिला प्रशासन द्वारा उसे मूर्त रूप प्रदान करने को लेकर जिले के प्रभारी मंत्री टंक राम वर्मा का जिला खेल संघ ने आभार जताया और उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट किया।

गौरतलब हो की प्रभारी मंत्री के आगमन पर जिला खेल संघ के पदाधिकारी ने खेल भाटा मैदान को चारों ओर से लोहे के एंगल लगाकर सुरक्षित करने पानी की व्यवस्था और गेट लगाने की मांग रखी थी। महिला खिलाड़ियों ने चेंजिंग रूम की बात कही थी, जिस पर तत्काल प्रभारी मंत्री ने जिला कलेक्टर को निर्देशित कर उक्त कार्य जल्द पूरा करने के निर्देश दिए थे। जिस पर जिला कलेक्टर संजय कन्नौजे ने अथक प्रयासों के साथ उक्त खेल मैदान को संवारने की दिशा पर एक अनुकरणीय पहल की और सारंगढ़ का खेल भाटा विशालकाय स्टेडियम सारंगढ़ का एक हृदय स्थल बन गया है। जिसकी जन चर्चा आज लोगों के अपनी जुबान पर है और जो जिला प्रशासन और शासन का शुक्रिया अदा कर रहे हैं। उक्त विषयों को लेकर आज जिला खेल संघ ने प्रभारी मंत्री को आभार पत्र सौंपकर कहा कि आपके दिशा निर्देश में अथक प्रयासों से खिलाड़ियों को उनका वास्तविक अधिकार मिला है। खेल संघ के साथ स्पोर्ट्स क्लब जिले के खेल अधिकारी खेल विभाग खिलाड़ी और खेल प्रेमी आभार व्यक्त करते हैं और एक फुटबॉल खेलते हुए खिलाड़ी स्वरूप प्रतीक चिन्ह आपको भेंट करते हैं। जिले के प्रभारी मंत्री ने जिसे सहर्ष स्वीकार किया सम्मान करने के लिए सभी खेल संघ और वरिष्ठ खिलाड़ियों का धन्यवाद दिया।

## दलित व्यवसायी गवई का सारंगढ़ आगमन, युवाओं को दिए टिप्स

**कटेली।** सारंगढ. में दलित व्यवसायी भगवान गवई का आगमन हुआ। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित युवा व्यवसयियों के साथ अपना अनुभव साझा किया।



इस दौरान उन्होंने कहा की वे एक ऐसे बैंक की स्थापना कर रहे हैं, जिसमें एससीएसटी व ओबीसी वर्ग की सहभागिता होगी उनका शेयर भी होगा इस बैंक की स्थापना का मुख्य उद्देश्य ऐसे युवा या लोग जिनके पास बिजनेस आइडियाज तो है पर पैसे की कमी है। आवश्यक धनराशि देकर उन्हें व्यवसाय में आगे बढ़ाना ही मुख्य उद्देश्य है। वहीं उन्होंने बेरोजगारी दूर करने के लिए ऐसे युवा जो इंजीनियरिंग डॉक्टरी, आईटीआई जैसे कोर्स पूरा कर लिया है के लिए जापान से एक्सपर्ट बुलाकर न्यूनतम शुल्क में प्रशिक्षित कर उन्हें लेपन में रोजगार दिलाने की योजना के बारे में बताया। इस दौरान रिटायर्ड कलेक्टर विश्वास मेश्राम, साहेब सिंह धनगढ़ व ओमप्रकाश मौर्य ने मंच से संबोधित करते हुए कहा की एसटी एससी और ओबीसी वर्ग को संगठित होकर आगे बढ़ना है और चूंकि समाज में इन तीनो की संख्या ही अधिक है इसी कारण इन्ही को आगे होना चाहिए जिसके लिए हम प्रयासरत हैं।

इस दौरान सीपीएस जितेंद्र खूंटे सतनामी समाज के पूर्व अध्यक्ष देव कोसले वर्तमान अध्यक्ष बी भारद्वाज, मनोज जायसवाल, येस कुमार यादव, प्रोफेसर शत्रुघ्न अनंत सहित एससी एसटी और ओबीसी वर्ग के सैकड़ों प्रभुद्धजन व व्यवसायियों की उपस्थिति रही।

## एनएसएस शिविर में शिविरार्थी दे रहे शासन की योजनाओं की जानकारी

**पुसौर।** पुसौर जनपद क्षेत्र के ग्राम महलोई में चल रहे अभिनव स्कूल के एनएसएस शिविर में वहां के स्वयं सेवकों द्वारा जहां प्रतिदिन सुबह उठते ही प्रार्थना सभा, व्यायाम, आस पास की सफाई व प्रभातफेरी जैसे कार्यक्रम को बड़े ही सलिके व निष्ठा पूर्वक अंजाम तक पहुंचाते रहे हैं वहीं दूसरे टाईम सामूहिक भोजन निर्माण, खेलकूद सनातनी एवं समाज के विकास से जुड़े सांस्कृतिक कार्यक्रम करते रहे हैं।




इस बीच बौद्धिक चर्चा एवं अन्य कार्यक्रम के अंतर्गत उक्त छात्रों द्वारा शासन द्वारा गरीब तपकों के लिए चलाए जा रहे कल्याणकारी योजनाओं का धरातल में कैसे क्रियान्वित हुआ है और लाभार्थी उसका लाभ कैसे उठा रहे हैं साथ ही उनका जीवन स्तर में क्या सुधार आया है इसे भी जानने का अवसर प्राप्त हो रहा है। जानकारी के मुताबिक आयुष्मान कार्ड, पीएम आवास, स्वच्छ भारत मिशन के तहत निर्माण हुए शौचालय, शासकीय राशन दुकानों में मिल रहे राशन आदि के संबंध में जानकारी प्राप्त किया। इसकी जानकारी लेते हुए इन्होंने लोगों से मिलकर शासकीय सुविधाओं का उचित उपयोग करने लोगों से चर्चा की। खुले में शौच न करने, शासन से मिले राशन का दुरूपायेग न करने, पीएम आवास के राशि मकान बनाने में ही उपयोग करने की जानकारी दी। बीते शनिवार के शिविर में ये सारे तथ्य लोगों के साथ छात्रों ने साझा किया। बौद्धिक एवं वैचारिक परिचर्चा में प्रोफेसर रविन्द्र कोर, क्षेत्र के अधिमान्य पंडित व सेवा निवृत्त प्रधान पाठक गुणनिधि सतपथी, सेवा निवृत्त शिक्षक जयराम प्रधान, शिक्षक हिमांचल दुबे शामिल हुए। जिन्होंने सदमार्ग पर चलने, योग्य नागरिक बनने, सेवाभावी प्रवृत्ति से ओतप्रोत होने जैसे महत्वपूर्ण सीख छात्रों को दिया। इस अवसर पर अभिनव स्कूल के प्राचार्य अक्षय कुमार सतपथी, कार्यक्रम अधिकारी विश्वजीत साव, दिलचंद साव, केदार देहरी, श्रमती शकुंतला प्रधान एवं 50 की संख्या में स्वयं सेवक उपस्थित रहे। ज्ञात हो कि महलोई में चल शिविर के कारण एक उल्लासमय वातावरण का संचार हुआ है। जिसमें प्रतिदिन ग्रामीण जन शिविर में शामिल एनएसएस के स्वयं सेवकों को देखने उनके दिनचर्या जानने के लिए उत्सुक रहते हैं। ग्रामीण जन इसके लिए अपनी हर संभव सेवा इन्हे मुहैया कराने के लिए हमेशा तैयार रहते हैं जबकि यहां शिविर संचालन करने के पूर्व संस्था प्रमुख अक्षय कुमार सतपथी एवं एनएसएस के पदाधिकारीयों द्वारा दिनचर्या से जुड़े प्रत्येक आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए समूचित व्यवस्था किया।



### कॉलेज और स्कूल खोलने की मांग

**कोसीर।** जनपद सदस्य श्रीमती हीरा भैरव नाथ जाटवर ने कोसीर क्षेत्र के विकास के लिए सारंगढ़ आगमन पर आए उच्च शिक्षा मंत्री व जिला प्रभारी मंत्री टंकराम वर्मा को ज्ञापन सौंप कर मांग की। कोसीर में कई सालों सें कॉलेज की मांग की जा रही है, लेकिन आज तक सिर्फ आश्वासन ही मिला। जबकि इस क्षेत्र की जनप्रतिनिधि गण कई बार अपने अपने माध्यम से क्षेत्र की विकास के लिए प्रयास व मांग कर चुके है। यहां तक की कोसीर में महाविद्यालय बनाने के लिए दो बार निरीक्षण भी किया जा चुका है। कोसीर जनपद सदस्य हीरा भैरवनाथ जाटवर ने सारंगढ़ आगमन पर प्रभारी मंत्री टंकराम वर्मा को ज्ञापन देकर कोसीर में महाविद्यालय कन्या हायरसेकन्डरी व कन्या पोस्ट मैट्रिक छात्र वास की मांग की है।

## कोटवार संघ के पदाधिकारियों ने ली सेवा और निष्ठा की शपथ

**खरसिया।** खरसिया ऑडिटोरियम में कोटवार संघ का शपथ ग्रहण समारोह हुआ। इस अवसर पर क्षेत्र के अनेक जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं कोटवार वर्ग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नगर पालिका अध्यक्ष कमल गर्ग उपाध्यक्ष बंटी सोनी उपस्थित रहे। वहीं प्रशासनिक अधिकारियों में एसडीएम प्रवीण तिवारी, एसडीओपी प्रभात पटेल शामिल हुए।




कोटवारों के महत्व पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एसडीएम ने कहा कि कोटवार प्रशासन की रीढ़ हैं, जो शासन और जनता के बीच सबसे अहम कड़ी के रूप में कार्य करते हैं। उन्होंने कहा कि कोटवारों की सूचना देने की भूमिका प्रशासनिक व्यवस्था में अत्यंत महत्वपूर्ण है चाहे वह गांव में किसी घटना की जानकारी देना हो अपराध की सूचना देना हो या सरकारी योजनाओं का क्रियान्वयन सुनिश्चित करना। एसडीएम तिवारी ने कोटवारों को निर्देश दिया कि वे हर घटना निर्माण कार्य या असामाजिक गतिविधि की त्वरित जानकारी संबंधित राजस्व और पुलिस विभाग को दें, ताकि समय पर कार्रवाई की जा सके। उन्होंने कहा कि कोटवार का सक्रिय रहना ही शासन की सशक्त निगरानी का आधार है। नशा मुक्ति और साइबर सुरक्षा पर एसडीओपी प्रभात पटेल ने कोटवारों को साइबर अपराधों की जानकारी आम नागरिकों तक पहुँचाने की अपील की। उन्होंने कहा कि आज के डिजिटल युग में जागरूकता ही सबसे बड़ा सुरक्षा कवच है। वहीं नगरपालिका अध्यक्ष कमल गर्ग और उपाध्यक्ष बंटी सोनी ने नशा मुक्ति अभियान को जन आंदोलन के रूप में आगे बढ़ाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि कोटवार ग्रामीण स्तर पर समाज को नशे से मुक्त बनाने में अहम भूमिका निभा सकते हैं।

### कोटवारों ने ली जनता की सेवा का शपथ

शपथ ग्रहण समारोह में नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं पदाधिकारियों ने ईमानदारी, अनुशासन और जनता की सेवा का संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि वे शासन की योजनाओं को जन जन तक पहुँचाने में पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे।

## ओडिशा के 79 अस्पताल बने सेकेंडरी रेफरल हॉस्पिटल

**राउरकेला।** ओडिशा के समस्त ईएसआई बीमित श्रमिकों के लिए राज्य सरकार ने बड़ी राहत की घोषणा की है। श्रम एवं राज्य बीमा योजना निदेशालय, ओडिशा द्वारा 9 अक्टूबर को जारी अधिसूचना के अनुसार राज्य के 79 निजी अस्पतालों को सेकेंडरी रेफरल हॉस्पिटल के रूप में मान्यता दी गई है। यह एनडीए सरकार की उपलब्धियों के रूप में देखा जा रहा है।



राउरकेला क्षेत्र के चार प्रमुख अस्पताल हाइटेक मेडिकल कॉलेज, राजस्थान सेवा सदन, सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल और जयप्रकाश हॉस्पिटल को इस सूची में शामिल किया गया है। इस निर्णय से अब श्रमिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं सेकेंडरी स्तर पर भी आसानी से उपलब्ध होंगी। पूर्व में देश के अन्य राज्यों में यह व्यवस्था लागू थी, किंतु ओडिशा में यह सुविधा अब जाकर प्रारंभ हुई है। इसके पीछे कई संस्थाओं के पत्राचार और प्रतिनिधित्व का बड़ा योगदान रहा। सीटू कार्यालय में प्रेस वार्ता में संगठन के पदाधिकारियों ने यह जानकारी दी। जब देश के अन्य राज्यों में ईएसआई की ऐसी व्यवस्था है, तो ओडिशा में इसे क्यों लागू नहीं किया गया। अंततः सभी के मिश्रित प्रयासों और दृढ़ पहल के बाद यह मांग पूरी हुई। इस कदम से न केवल जिला बल्कि पूरे राज्य के लाखों श्रमिकों को सीधा लाभ मिलेगा। राष्ट्रवादी कॉंग्रेस पार्टी की ओर से राज्य सरकार, श्रम एवं राज्य बीमा योजना निदेशालय तथा ईएसआई कॉर्पोरेशन को धन्यवाद ज्ञापित किया गया। सभी संलग्न विभाग के अधिकारीयों द्वारा सहयोग देने के लिए उनके प्रति आभार व्यक्त किया।

## गोपाष्टमी पर्व में शामिल होंगे विधायक अमर

**खरसिया।** खरसिया की मदन मोहन गौशाला क्षेत्र में ही नहीं अपितु पूरे प्रदेश ने में ख्यातिप्राप्त है नगर के नौनिहालों द्वारा हर दिन गौ सेवा का कार्य निरंतर किया जाता है, इनकी लगन मेहनत की बदौलत ही छत्तीसगढ़ शासन द्वारा खरसिया की गौशाला को यति चयतनलाल राज्य अंलकरण से न सम्मानित किया गया था। 29 अक्टूबर बुधवार को गौपाष्टमी पर्व पर मुख्य अतिथि के रूप बिलासपुर विधायक अमर अग्रवाल उपस्थित रहेंगे। आपको



बता दे कि विधायक अमर अग्रवाल सामाजिक धार्मिक क्षेत्र के साथ गौ प्रेमी भी है। इस पर्व में खरसिया के मदन मोहन गौशाला में विशेष तौर पर पूजा अर्चना की जाती है वही गौ माता की पूजा करने गौपाष्टमी पर्व पर नगर के कोने कोने से लोग गौशाला आते है। ज्योतिषाचार्य के अनुसार दीपावली के बाद गोपाष्टमी का त्योहार हिंदू घरों में मनाया जाता है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार यह पर्व गोवर्धन पर्वत से जुड़ा है। श्री कृष्ण ने गोचर लीला इसी दिन से आरंभ की थी। श्री कृष्ण ने जब माता यशोदा से गौ सेवा की इच्छा व्यक्त की तो माता ने उन्हें अनुमति नहीं दी। बालकृष्ण की हठ के कारण उन्होंने शांडिल्य ऋषि से इसका मुहूर्त निकलवाया था। तभी से कार्तिक शुक्ल पक्ष की अष्टमी गोपाष्टमी के रूप में मनाई जाने लगी। वैसे तो हिंदू परिवारों में हर रोज ही पहली रोटी गाय को खिलाने की परंपरा है।

### धरमजयगढ़ में आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान

# विधानसभा स्तरीय सम्मेलन का किया गया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के तहत विधानसभा स्तरीय सम्मेलन का आयोजन धरमजयगढ़ नीचे पारा स्थित मंगल भवन में सपन्न हुआ। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में राज्यसभा सांसद देवेन्द्र प्रताप सिंह, लोकसभा सांसद राधेश्याम राठिया, राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त सुरेंद्र कुमार बेसरा की उपस्तिथि रही। अपने उद्बोधन में राज्य सभा सांसद देवेंद्र प्रताप ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सपने का जिक्र करते हुए कहा कि वर्ष 2047 के दौरान जब भारत अपनी आजादी की शताब्दी वर्ष मनाएगा तब तक हमारा देश पूरी तरह आत्मनिर्भर और समृद्ध राष्ट्र बन जाए।



सांसद राधेश्याम राठिया ने भी अपने उद्बोधन में आत्मनिर्भर भारत के विषय में बताया हर व्यक्ति को तो देशी उत्पादों के उपयोग कर अपनी आहुति देनी होगी स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए लोगों को इस हिसाब में प्रेरित करना होगा। आज विश्व स्तर पर भारत निर्मित हथियारों की चर्चा हो रही है। भारत मोबाइल निर्माता बन गया है। जिला अध्यक्ष अरुण धर दीवान ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत महज एक नारा नहीं बल्कि राष्ट्र के पुनर्निर्माण का संकल्प है। वही सुरेंद्र कुमार बेसरा ने अपने उद्बोधन में स्थानीय उत्पादन कृषि कुटीर उद्योग और हस्तशिल्पी को प्रोत्साहन देकर इस दिशा में बड़ा कदम उठाया जा सकता है। गांव-गांव और घर-घर ताकि अभियान को पहुंचाने की जिम्मेदारी कार्यकर्ताओं की है सम्मेलन के दौरान मंच पर स्वदेशी अपनाओ के नारे के साथ आत्मनिर्भर भारत का संकल्प लिया गया। इस सम्मेलन में धरमजयगढ़ क्षेत्र में लोकल से वोकल की भावना को नई ऊर्जा दी और उपस्थित सभी ने आत्मनिर्भर बनाने हेतु संकल्प लिया। मंच का संचालन जिला उपाध्यक्ष गोकुल नारायण यादव ने की वही आभार प्रदर्शन जनपद पंचायत अध्यक्ष लीनव राठिया ने किया आज के इस कार्यक्रम में किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष टीकाराम पटेल जिला भाजपा के उपाध्यक्ष नरेश पंडा, गोकुल नारायण यादव, महामंत्री जतिन साव, मंडल के अध्यक्ष भरत लाल साहू, कापू मण्डल के अध्यक्ष नीरज शर्मा समेत अन्य पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।





स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
Jai Mata Di
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-9165 411411